भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं हिंदी के प्रचार - प्रसार व प्रगति के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक 21 दिसंबर, 2021 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हिंदी कार्यशाला में कुल 17 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हिंदी कार्यशाला में भारतीय खान ब्यूरो कार्यालय के श्री सुनील कुमार शर्मा, उप खनिज अर्थशास्त्री ने 'हिन्दी के प्रयोग में व्याकरण की महत्ता ' तथा श्री असीम कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी 'पारिभाषिक शब्दावली' विषय पर अपने व्याख्यान दिये।

अपने व्याख्यान में श्री सुनील कुमार शर्मा, उप खनिज अर्थशास्त्री ने बताया कि किसी भी भाषा को सीखने के लिए किन बातों की आवश्यकता होती हैं। साथ ही शुद्धभाषा में व्याकरण की कितनी उपयोगिता है यह बताते हुए स्वर एवं व्यंजन तथा हिन्दी में बिंदी की उपयोगिता संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

श्री असीम कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने अपने व्याख्यान में पारिभाषिक शब्दावली की अवधारणा को समझाते हुए प्रतिभागियों से इसका अभ्यास कराया साथ ही प्रशासनिक एवं तकनीकी शब्दों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला के पश्चात प्रतिभागियों से कार्यशाला के विषय में उनकी प्रतिक्रियाएं भी प्राप्त की गई। सभी प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। अपनी प्रतिक्रियाओं में प्रतिभागियों ने कहा कि कार्यशाला की अवधि को बढ़ाया जाना चाहिए तथा कार्यशाला का नियमित अंतराल पर आयोजन किया जाना चाहिए एवं कार्यशाला में अधिक से अधिक विषयों को शामिल किया जाना चाहिए आदि। इस प्रकार हिंदी कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

अंत में श्री अभिनय कुमार शर्मा, सहायक संपादक सभी उपस्थितों का धन्यवाद दिया।

OPPO A9

भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर
हिंदी कार्यशाला
OPPO A9

OPPO A9

OPPO A9

OPPO A9